सत्यमेव जयते

राजस्थान राजपत्र विशेषांक	RAJASTHAN GAZETTE Extraordinary
साधिकार प्रकाशित	Published by Authority
पौष 26, शुक्रवार, *शाके* 1947- जनवरी 16, 2026 Pausa 26, Friday, Saka 1947- January 16, 2026	

भाग 6 (क)

नगरपालिकाओं संबंधी विज्ञप्तियां आदि।

स्वायत शासन विभाग, राज. जयपुर

अधिसूचना

जयपुर, अक्टूबर 03, 2025

संख्या एफ.10(न0.पा.) (चुनाव) (जन)/डीएलबी/2025/18107884 :-विभागीय समसंख्यक अधिसूचना क्रमांक 1189-1395 दिनांक 22.01.2025 द्वारा उपखण्ड अधिकारी, निवाई को नगरपालिका, पीपलू में प्रशासक नियुक्त किया गया था। प्रशासनिक कारणों से उपखण्ड अधिकारी, निवाई के स्थान पर उपखण्ड अधिकारी, पीपलू को निर्वाचित बोर्ड के गठन होने तक नगर पालिका, पीपलू में प्राधिकारी/ प्रशासक नियुक्त किया जाता है।

यह प्राधिकारी/ प्रशासक नगर पालिका में निर्वाचित बोर्ड के गठन होने तक नगर पालिका की शक्तियों का प्रयोग और कर्तव्यों तथा कृत्यों का पालन करेंगे तथा प्राधिकारी/ प्रशासक को राजस्थान नगर पालिका अधिनियम, 2009 के प्रयोजनों के लिए नगर पालिका (Muncipiality) समझा जावेगा। यह सक्षम स्तर से अनुमोदित हैं।

राज्यपाल की आज्ञा से,

जुईकर प्रतीक चन्द्रशेखर,
निदेशक एवं विशिष्ट शासन सचिव।

4187

राज्य केन्द्रीय मुद्रणालय, जयपुर।